# राशन दुकानों मे परोसा जा रहा नमीयुक्त खाद्यान्न

**बोरियो मे नमी के कारण गेहू के गोले तक बने हुऐ निकल रहे**





**धारनाकला नवभारत।** राशन दुकानो मे गरीबो को वितरण के लिये भेजे जा गेहू चावल मे नमी की शिकायत अब आम हो चुकी है और इस बात से भी इन्कार नही किया जा सकता की जिस गोदाम से राशन दुकानो के लिये गेंहू चावल भेजा जा रहा है उसी गोदाम मे जवाबदारो के बोरियो मे बजन बढाने के लिये जमकर पानी का छिड़काव किया जा रहा है और खासकर उसका खामियाजा राशन दुकानो के विक्रेता ओ को भुगतना पड रहा है गेहू की बोरियो मे नमी के कारण गेहू के गोले तक बने हुऐ निकल रहे है और यह आज से नही अपितु विभागीय अमले की निष्क्रियता के चलते बहूत पहले से ही गरीबो को मिलने अनाज के साथ यह कृत्य चल रहा है अगर विक्रेता से वितरण मे गलती हो तो विभागीय अमला तत्काल कार्यवाई को अन्जाम देता है किन्तु लगातार अनाज की बोरियो मे पानी छिड़काव की बात अधिकारियो के संज्ञान मे होने के बाद भी आज तक कार्यवाई क्यो नही समझ से परे है आखिर इतनी भीषण गर्मी मे बोरियो मे नमी कैसे आ सकती है यह गंभीर विषय है । यहा यह बताना भी लाजिमी है की राशन दुकान मे अत्यधिक नमी एवं गीला गेहू पहुचने पर गरीबो के विरोध के चलते तहसीलदार बरघाट के निर्देश पर पटवारी तथा आर आई के द्वारा मौके पर पहूचकर जांच की गई जिसमे वास्तविक मे गेहू की गीली बोरिया पाई गई थी तथा पंचनामा रिपोर्ट तहसीलदार बरघाट को सौपी ग ई थी किन्तु अब भी गरीबो को मिलने वाले अनाज मे वही परिणति दोहराई जा रही है जिस ओर सम्बन्धित विभाग तथा संवेदनशील जिला कलेक्टर का ध्यान देना अनिवार्य है ताकि गरीबो को मिलने वाले अनाज मे काला बाजारी न हो

### 52 से 53 किलो की कैसे आ रही गेंहू की बोरियां

उल्लेखनीय है की गेहू उपार्जन खरीदी मे किसान से 50किलो 600 से 51 किलो की भर्ती मे खरीदी की जाती है और यही किसान से खरीदा गया गेहू वेयर हाउस अथवा भंडारित केन्द्र मे जमा हो जाता है तथा यही गेहू राशन दुकानो मे गरीबो को वितरण के लिये पहूचाया जाता है किन्तु मजे की बात यह है यही 50 से 51 किलो की बोरियो गोदाम से जब राशन दुकान पहूचती है तो यही गेहू की बोरिया 52 से 53 किलो की कैसे निकल रही है जब इस सम्बन्ध मे परिवहन कर्ता से विक्रेता बजन और प्रदाय अनाज के सम्बध्द मे बोरिया की संख्या बराबर मागता है तो यही हवाला दिया जाता है गोदाम से गेहू की बोरियो का बजन ज्यादा है अनेक राशन विक्रेताओ के द्वारा यह भी बताया गया की अगर आठ से दस दिन राशन नही बट पाया तो यही 52से 53 किलो की बोरिया बजन मे 50 से 51 किलो मे आ जाती है इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है की बोरियो मे नमी का मुख्य कारण क्या हो सकता है ।



# पैसेंजर के रुकी बस से पीछे से आ रही ट्रेवलर टकराई

**लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के बम्हनी-गोपालगंज मार्ग पर हादसा, आधा दर्जन से अधिक घायल**



**सिवनी नवभारत।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्हनी-गोपालगंज मार्ग पर मंगलवार दोपहर लगभग 2ः15 बजे एक सड़क हादसा हो गया। सिवनी से नागपुर जा रही यात्री बस क्र. एमपी 51 पी 0136 में पीछे से आ रही ट्रेवलर क्र. एमपी 22 जेड डी 1188) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेवलर में सवार करीब आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुष यात्री एवं चालक घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही राहगीरों ने तत्काल लखनवाड़ा थाना प्रभारी को सूचना दी। सूचना पर 112 वाहन सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को 112 से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को भी सुचारू कराया। बताया गया कि एनएचएआई की एंबुलेंस 1033 मौके पर देर से पहुंची, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई।

घायलों के परिजनों के अनुसार सभी यात्री नागपुर-यवतमाल के पास स्थित तीर्थस्थल पोरागढ़ में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कुलदेवी के दर्शन के लिए जा रहे थे। ये लोग अमरवाड़ा, बखारी, पिपरिया और बादलपार क्षेत्रों से ट्रेवलर किराए पर लेकर यात्रा कर रहे थे। ट्रेवलर सिवनी से बादलपार की ओर अन्य यात्रियों को लेने जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया।

ट्रेवलर चालक ने बताया कि यात्री बस ओवर टेक कर आगे निकली और बम्हनी में फैक्ट्री के सामने यात्रियों के लिए अचानक सड़क पर खड़ी कर दी जिस कारण पीछे से जाकर ट्रेवलर टकरा गई।

हादसे में घायल होने वालों में दया एवं उनकी पत्नी (उम्र लगभग 65 वर्ष, निवासी अमरवाड़ा-बखारी), दीवान पत्नी दशोंदा (उम्र लगभग 55 वर्ष), घूर सिंह पत्नी नैना (उम्र लगभग 65 वर्ष), दरोगा पत्नी गोरा बाई (उम्र लगभग 60 वर्ष, निवासी पिपरिया), नातिन प्राची (12 वर्ष, पिता सुरेश) एवं प्रवेश (6 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।गोपालगंज बैजनाथ फैक्ट्री के सामने ट्रैवलर गाड़ी और बस का एक्सीडेंट जिसमें आठ व्यक्ति घायल जिन्हें तत्काल डायल 112 थाना कुरई द्वारा आरक्षक रूपेंद्र पाल और पायलट कमल ठाकुर के द्वारा तत्काल सिवनी अस्पताल पहुंचाया गया जहां घायल का इलाज जारी हैं

## एक नजर में

### जुआं फड़ पर छापा, चार गिरफ्तार, 1500 जब्त

**सिवनी।** बंडोल थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिया में जुआं फड़ पर की गई पुलिस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, एक आरोपी फरार हो गया, जबकि मौके से सिर्फ 1500 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। शिवहरे गिट्टी क्रेशर के पीछे संचालित जुआं फड़ पर दबिश के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से चार आरोपियों को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद अन्य लोग भागने का प्रयास करते दिखे, इसी बीच जुआं संचालित कराने वाला भीम उर्फ गोलू ठाकुर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों में जीत सिंह बंजारा (38), फारूख (40), आशिक (41) और मदन बंजारा (55) शामिल हैं, सभी ग्राम बोरिया टांणे के निवासी हैं। आरोपियों के कब्जे से 1500 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। इनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. मनोज जंघेला, सउनि. शिवेन्द्र वसूले, सउनि. राजेन्द्र नागवंशी, प्र.आर. जयेन्द्र बघेल, आर. अंकित चौरसिया, आर. राहुल कुशवाहा का योगदान रहा।

### चाकू लेकर घूमने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा चाकूबाजो के विरुध्द सख्त है चाकूबाजो पर तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 23/03/2026 को सूचना प्राप्त हुई कि जनता नगर आईरिस स्कूल के पास एजाज पिता फैयाज 19 साल निवासी छोटी मस्जिद चौक चाकू लेकर घूम रहा है आम लोगो को डराने धमकाने कि सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के के नेतृव मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा घेराबंदी कर जनता नगर चौक के पास व्यक्ति को पकड कर धारदार लोहे का चाकू जप्त करने मे सफलता प्राप्त की है जो आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 139/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है। इस कार्यवाही में निरी. चैनसिंह उड़के के नेतृव मे सउनि निसार खान, प्र. आर. रणजीत पटले, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, केसरीनंदन ऐडे का योगदान रहा।

### इमरत राय पंचायत कांग्रेस कमेटी छींदा के अध्यक्ष नियुक्त

**छींदा।** गत 22 मार्च 2026 को पूर्व सरपंच शेख रसीद मंसूरी के निवास छींदा में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी छींदा के गठन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कांग्रेस पार्टी के जांबाज कार्यकर्ता श्री इमरत राय को आम सहमति से ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी छींदा का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी छींदा के महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर सुश्री केशर मिश्रा की नियुक्ति की गई है। युवक कांग्रेस कमेटी पंचायत अध्यक्ष सुनील झारिया,बाल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रियांशु राय, सोशल मीडिया पंचायत अध्यक्ष प्रियांशु झारिया, पंचायत किसान कांग्रेस अध्यक्ष विधान सिंह सेन, ओबीसी पंचायत अध्यक्ष कमलेश राय, कांग्रेस सेवादल पंचायत अध्यक्ष राजकुमार झारिया और पंचायत कांग्रेस क्क्रअध्यक्ष पद पर आनंद सागर को सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया है।



# परतापुर में जीपीएस व कैमरा लगा गिद्ध मिला

**कुरई नवभारत।** जिले के विकासखंड कुरई अंतर्गत ग्राम परतापुर में उस समय कौतूहल का माहौल बन गया, जब एक विशाल गिद्ध अचानक गांव में आकर बैठ गया। गिद्ध के पंखों में लगे जीपीएस ट्रैकर और कैमरा को देखकर ग्रामीण हैरान रह गए और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही विभाग सक्रिय हुआ और जांच में सामने आया कि यह गिद्ध महाराष्ट्र क्षेत्र से उड़कर यहां पहुंचा है, जो पिछले एक दिन से लापता था। महाराष्ट्र से पहुंची वन विभाग की टीम ने गिद्ध को सुरक्षित रेस्क्यू किया। टीम के मदन महादेव ने बताया कि गिद्धों के संरक्षण के लिए महाराष्ट्र में मल्चर संयुक्त प्रोजेक्ट के तहत कार्य किया जा रहा है। यह



गिद्ध 11 दिसंबर को पेंच क्षेत्र (महाराष्ट्र) में छोड़ा गया था, जो भटककर परतापुर पहुंच गया।

**इनका कहना है**

अचानक उड़कर यह गिद्ध यहां आ गया था, जिसे अब रेस्क्यू कर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। वहां इसकी समुचित देखभाल की जाएगी।

**मदन महादेव, वन विभाग अधिकारी, महाराष्ट्र**

सुबह करीब 11 बजे बच्चों ने गिद्ध को देखा था। इसके बाद हमने पूरे दिन उसकी देखरेख की और पानी आदि पिलाकर सुरक्षित रखा।

**अजय सहारे, ग्रामीण, परतापुर**

### नाई पिपरिया के उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण का भूमिपूजन



धनौरा नवभारत। विकासखंड धनौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत नाई पिपरिया में आज सरपंच पंचगण ग्रामवासियों एंव राजस्व अमला एंव स्वास्थ्य विभाग के उपयंत्री मैडम की उपस्थिति में उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य के लिए लेआउट डाला गया। भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया, भूमिपूजन एंव लेआऊट में नाई पिपरिया के ग्राम पटेल लक्की राय, मंथन यादव, सुम्मीलाल, कमलेश सेन, अनिल शाक्यवार, विजय यादव, दानी, रवि ठाकुर सहित आरआई पटवारी व ग्रामवासियों की उपस्थित रही।

# छपारा तहसील परिसर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**गर्मी में सबसे ज्यादा परेशान होते हैं ग्रामीणजन**



**छपारा नवभारत।** विगत 30 सितंबर 2013 को छपारा तहसील कार्यालय में संचालन हुआ 13 वर्ष बीत गए लेकिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर शासन प्रशासन की ओर से गंभीरतापूर्वक विचार एवं ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने के फलस्वरुप आज भी समस्या मुंह बाए खड़ी हुई है बता दें कि छपारा तहसील में कार्यालयीन प्रकरणों को लेकर कार्य तहसील अंतर्गत 158 ग्रामों के बड़ी संख्या में पक्षकार कार्यालय में पहुंचते हैं वहां लंबे समय तक रहकर पेयजल, सार्वजनिक प्रसाधन सुविधा और बैठक व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं के नहीं होने से परेशान होते हैं जिसे लेकर छपारा एडवोकेट संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बताया कि अनेकों बार जनप्रतिनिधियों से लेकर तहसील कार्यालय में इन सुविधाओं को लेकर पत्राचार किया जा चूका है परन्तु कुछ नहीं हुआ है सबसे ज्यादा महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**इनका कहना है**

तहसील परिसर में पेयजल को लेकर जल्द आर ओ लगवाया जाएगा साथ ही अन्य सुविधाओं को संज्ञान लेकर भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे,

**सौरभ मरावी, तहसीलदार छपारा**

### श्री निषाद राज जी का जन्म उत्सव मनाया

सिवनी। 23 मार्च को चैत्र शुक्ल पंचमी के दिन श्री निषाद राज जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जिस पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, सांसद प्रतिनिधि, नगर पालिका अध्यक्ष ,वार्ड पार्षद एवं जिले के सभी गणमान्य नागरिक मांझी समाज के सभी स्वजातीय बंधु की उपस्थिति रही। सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा श्री निषाद राज जी का पूजन पाठ विधि विधान से किया गया। हवन पूजन के पश्चात भंडारे का भी भव्य आयोजन किया गया। भंडारे के बाद श्री निषाद राज चौक सिवनी से भव्य विशाल रैली डीजे एवं बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में सामाजिक महिलाएं ,सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# गांधी चौक में हुई मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम दरबार की स्थापना



**सिवनी नवभारत।** हिंदू सनातनी नववर्ष के साथ शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र का शुभारंभ विगत 19 मार्च से प्रारंभ हो चुका है जिसका स्वागत शहर भर में भगवा स्वागत गेट, ध्वज पताका तोरन एवं मंदिरों में घट स्थापना के साथ पूजा-पाठ के साथ लगातार हो रहे हैं।

इसी तारतम्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के हृदय स्थल गांधी चौक शुक्रवारी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के दरबार की मूर्ति स्थापना पूरे जोश के साथ हजारों सनातनी बंधुओं की उपस्थिति में जय श्री राम के जय घोष के साथ हो चुकी है साथ ही रात्रि 8 बजे से सुमधुर भजन एवं संगीतमय सामूहिक महाआरती प्रारंभ हो चुकी है प्रथम दिवस सैंकड़ों दीपों की रोशनी से श्री राम दरबार गांधी चौक जगमगा उठा सैकड़ों सनातनियों की उपस्थित होकर आरती का पुण्य लाभ अर्जित किया तत्पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात हो कि प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से शुक्रवारी गांधी चौक प्रांगण में स्थापित श्री राम दरबार में सामूहिक भजन एवं संगीतमय महाआरती का समय निश्चित है इस शुभ अवसर पर नगर के सभी धर्मावलंबियों से इस पुण्य अवसर को अपने जीवन का सबसे आनंदमय अवसर मानकर सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### किकबॉक्सिंग खिलाड़ी खेलो इंडिया नेशनल लीग के लिए रवाना

**सिवनी।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में, वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग वूमेंस नेशनल लीग 2025-26 हेतु सिवनी जिले की बालिका खिलाड़ी चेन्नई (तमिलनाडु) के लिए रवाना हो रही हैं। जिले की अनुप्रिया कौरव, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी एवं अनन्या साहू ने इंदौर में आयोजित वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल लीग के लिए व?वालिफाय किया है। अब ये खिलाड़ी 26 से 29 मार्च 2026 तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 मार्च, जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में प्रभारी परियोजना अधिकारी एवं जुन्नारदेव शहरी सुपरवाइजर सीमा धुर्वे के दिशानिर्देशानुसार आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्या आरंभ प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया इसी कड़ी में नगर के क्रमांक 07 में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद गीता वाईकर उपस्थित रहीं। इस दौरान 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही 3 से 6 वर्ष के बच्चे एवं उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लता नागले एवं सहायिका राजकुमारी की उपस्थिति में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।**

विकासखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमकुंडा की आंगनवाड़ी केंद्र में विद्या आरंभ कार्यक्रम रखा गया जिसमें सरपंच ममता कुमरे, उपसरपंच राकेश खरे, सचिव चंद्रसिँह शालवार, रोजगार सहायक विनोद खरे, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक निसरत कुरेशी, स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ रीना भारती, एएनएम शालिनी नागवंशी, आशा कार्यकर्ता सरला बन्देवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता साक्षी आम्रवंशी और सहायिका रामेश्वरी ब्राम्हवंशी सहित पालकगण की उपस्थिति में विद्या आरंभ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को तिलक लगाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# खेल मैदान के बीच से गुजर रहे नगर पालिका के पानी टैंकर, खिलाड़ियों को हो रही परेशानी



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 मार्च, नगर के खेल मैदान नंदलाल सूद स्टेडियम वर्तमान में खिलाड़ियों से गुलजार है किंतु इस खेल मैदान में आने वाले खिलाड़ियों को वर्तमान में समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है जिसका मुख्य कारण नगर पालिका के पानी टैंकर का बीच खेल मैदान से गुजरा है।**

खिलाड़ियों का कहना है कि ट्रैक्टर के ड्राइवर नगर पालिका द्वारा बनाए गए रास्ते का उपयोग ना करते हुए ग्राउंड के भीतर से ट्रैक्टर और टैंकर को ले जा रहे हैं जिससे खिलाड़ियों को खेलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में गर्मी के चलते नन्हे मुन्ने बच्चे भी खेल मैदान में क्रिकेट फुटबॉल सहित अन्य खेलों को खेलने के लिए पहुंच रहे हैं। नगर के खिलाड़ी विशाल, कपिल, श्याम, सानू सहित अन्य खिलाड़ियों ने नगर पालिका प्रशासन से टैंकरों को ग्राउंड के भीतर से ले जाने से रोकने की मांग की है जिससे खिलाड़ी खेलों को अच्छे से खेल सके।

**धर्म-कर्म** — **नवरात्र के पावन अवसर पर माता रानी की दिव्य आकर्षक प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई**

# ग्राम मलारी में संगीतमय देवी महापुराण का भव्य आयोजन





**उगली नवभारत।** चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 हिंदू नव वर्ष के आगमन पर सिवनी जिला अंतर्गत उप तहसील उगली के निकट ग्राम मलारी की पावन धरा में नवनिर्मित खैरमाई मंदिर जगत जननी देवी मंदिर परिसर में कथा वाचक पं.नीलेश शास्त्री जी श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से 19 मार्च से आगामी 27 मार्च तक देवी भागवत महापुराण का श्रवण पान भक्तगण नियमित कर रहे हैं, विगत दिवस सष्टम तिथि मां कात्यायनी के दिन कथा पंडाल में कथा श्रवण करने के लिए मलारी और आसपास के ग्रामों की माताएं बहने क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए,आयोजक समिति ग्राम वासी मलारी एवं इस कार्यक्रम का मुख्य संचालन करने वाले समस्त ग्राम वासियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मलारी ग्राम में खैरमाई मंदिर में भव्य नवीन मंदिर का नवनिर्माण किया गया है, और नवरात्र के पावन अवसर पर माता रानी की दिव्य आकर्षक प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई है, इस पावन पुनीत कार्य को और भी अविस्मरणीय बनाते हुए कथा वाचक पंडित ने शास्त्री जी इनके मुखारविंद से 318 नंबर की कथा नियमित संगीत वाद्य यंत्रों के माध्यम से श्रवण पान कर रहे हैं, गत दिवस कथा में महाराज श्री ने माता दुर्गांबा का विराट स्वरूप महिषासुर मर्दांगनी,जगतदंबा दानव रक्तबीज और महिषासुर के वध सुंभ, निशुंभ के वध के ऊपर कथा किया, कथा वाचक ने बताया कि माता दुर्गा संगठन शक्ति का ही रूप है, जो अनेक से एक होकर रक्तबीज का संहार किया और अनेक से एक होकर महिषासुर का विनाश किया अत: जब रक्तबीज और महिषासुर ने स्वर्ग लोक पर समस्त देवताओं को परास्त करने के बाद आधिपत्य जमा लिया सभी देवताओं के आवाहन पर माता दुर्गा ने इन दोनों का वध किया अत: प्रतिदिन श्रीमद् भागवत देवी महापुराण में माता दुर्गांबा की महिमा मंडल का बखान किया जा रहा है मंच संचालक एडवोकेट समाजसेवी अजय ऊइके के द्वारा किया जा रहा है,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक अशोक तेकाम सहकार भारतीय अध्यक्ष, सेवानिवृत शिक्षक लीलाधर हनवत, समाजसेवी लक्ष्मण अहिरवार,डबल सिंह पटले, श्री भ्रमित सर,पत्रकार राजदीप रांहगडाले,साहेब लाल बोमचेर, बाबूलाल बोमचेर, जमादार शांडिल्य एवं मुख्य आयोजन करता लक्ष्मी चंद्र ब्रम्हे, शिवराज सूर्यवंशी संजय ऊइके,नारायण चंदेल, गणेश नागेश्वर, जीतेन्द्र चंदेल और समष्त ग्रामीणों के सहयोग से हो रहा है, आकर्षक साज सज्ज, टेंट,फ्लावर डेकोरेशन व साउंड सूर्या टेंट हाउस संचालक शिवराज सूर्यवंशी,गणेश सूर्यवंशी के द्वारा किया गया है, यह कार्यक्रम 19 मार्च गुरुवार कलश यात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा 20 मार्च शुक्रवार पूजन कथा प्रारंभ एवं 27 मार्च को हवन पूजन महाप्रसाद विशाल भंडारे के साथ कथा का विश्राम दिवस संपन्न होगा कथा प्रतिदिन दोपहर 1-5 बजे तक किया जा रहा है, आज और कल अंतिम दो दिवसी कथा का श्रवण पान करने के लिए आयोजिक समिति ने अधिक से अधिक संख्या में भक्तगणों को उपस्थित होने की अपील किया है, इस दिव्य पंडाल में प्रतिदिन रात्रि के समय क्षेत्रीय भजन मंडलों के द्वारा भजन कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है